झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

17 Oct 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 17 अक्टूबर का इतिहास

- **1870 :** कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
- **1979 :** मदर टेरेसा को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया
- **1887 :** स्वतंत्रता सेनानी सारगंधर दास का जन्म हुआ।
- **1917 :** प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।
- **1806 :** हैती क्रांति के पूर्व नेता और हैती के सम्राट जैक्स प्रथम की उनके दमनकारी शासन के बाद हत्या कर दी गई।

## 17 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 2023 में सुल्तान जोहोर कप का 11वां संस्करण मलेशिया के जोहोर में आयोजित होने वाला हैं। हॉकी इंडिया ने 11वें सुल्तान जोहोर कप में भाग लेने वाली 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम की घोषणा कर दी हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होने वाला हैं। विशेष रूप से इस साल के संस्करण में आठ टीमें होगी, जो पारंपरिक छह से विस्तारित होगी। इस साल सुल्तान जोहोर कप में भारत को पूल बी में रखा गया हैं। उन्हें मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से कड़ी टक्कर मिलेगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर नो योर कस्टमर नियमों सहित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नही करने के लिए 5.39 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया हैं। केंद्रीय बैंक ने भुगतान बैंकों के लाइसेंस के लिए आरबीआई दिशानिर्देश बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचा और यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नही करने का भी पता लगाया है। बयान के अनुसार बैंक की केवाईसी/एएमएल के नजरिए से विशेष जांच की गई और आरबीआई की ओर से पहचाने गए लेखा परीक्षकों ने बैंकों का व्यापक सिस्टम ऑडिट किया।
- बैंक ऑफ बड़ौदा के बोर्ड ने लॉन्ग टर्म बॉन्ड के जरिए 10,000 करोड़ रूपये तक जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी। इन फंडों का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास और किफायती आवास का समर्थन करने के लिए किया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और ग्राफिटी स्टूडियो द्वारा निर्मित दो सत्रों से युक्त एक एनिमेटेड सीरीज कृष, त्रिश और बाल्टीबॉय भारत हैं। हम का ट्रेलर लॉन्च किया हैं। श्रृंखला में 52 एपिसोड, 11 मिनट हैं, जिसमें 1500 से 1947 तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां हैं। इस सीरीज को आइकॉनिक एनिमेटेड कैरेक्टरक्रिश, ट्रिश और बाल्टी बॉय होस्ट कर रहे हैं।
- भारत की आबादी में अनुसूचित जनजाति की हिस्सेदारी 8.6% है, ये भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में निवास करती है।
- रेल मंत्रालय के तहत एक प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम राइट्स लिमिटेड ने प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा हासिल किया हैं, जो यह गौरव प्राप्त करने वाला भारत का 16वां केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम बन गया हैं।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने दो यूरोपीय देशों के दौरे के समापन से पहले पेरिस में फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के मंत्री श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता का आयोजन किया। दोनो मंत्रियों ने रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देने के साथ क्षेत्रीय स्थिति के आकलन से लेकर दोनो देशों के बीच चल रहे सैन्य अभ्यासों जैसे कई विषयों पर चर्चा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र का उद्घाटन करें। सत्र में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष श्री थॉमस बाख और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अन्य सदस्यों के साथ-साथ प्रमुख भारतीय खेल हस्तियां और भारतीय ओलंपिक संघ सहित विभिन्न खेल महासंघों के प्रतिनिधि भी भाग लिये। यह सत्र अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक के रूप में कार्य करता है।
- 2023 के लिए नवीनतम ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया है, जो 2022 में 107वें स्थान से गिरावट को दर्शाता हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स वैश्विक स्तर पर भूख के स्तर का एक वार्षिक मूल्यांकन है, जिसे आयरिश एनजीओ कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मन एनजीओ वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा प्रकाशित किया गया है।
- उत्तर प्रदेश को टेली प्रौद्योगिकी आधारित मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श सेवा, टेलीमानस के संचालन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने इसे प्राप्त किया। यह पुरस्कार मानसिक स्वास्थ्य के प्रति यूपी के समर्पण और अपने नागरिकों को प्रदान की जाने वाली अमूल्य सेवा का एक प्रमाण है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 अक्टूबर (B) 17 अक्टूबर
(C) 19 अक्टूबर (D) 20 अक्टूबर

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता हैं। इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर में विशेष रूप से विकासशील देशों में गरीबी और गरीबी उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष की थीम सभी लोगों के लिए मानवीय गरिमा को बनाए रखने के साधन के रूप में सभ्य कार्य और सामाजिक सुरक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच का आह्वान करती हैं।




**2. हाल ही में भारत सरकार 3-5 नवंबर तक कहां पर वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का आयोजन करेगी ?**

(A) जयपुर (B) बेंगलुरू
(C) गोवा (D) नई दिल्ली

**(D)** भारत सरकार 3-5 नवंबर तक दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का आयोजन करेगी। सरकार विश्व खाद्य भारत 2023 का आयोजन करेगी। भारत सरकार वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को एक साथ लाने के लिए नई दिल्ली में 3-5 नवंबर तक विश्व खाद्य भारत 2023 का आयोजन कर रही हैं। वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 में स्टार्ट-अप पवेलियन का लक्ष्य महिला उद्यमियों की अधिकतम भागीदारी है।




**3. राजस्थान विश्वविद्यालय में पर्यावरण कृषि एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों एवं चुनौतियों को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय कांन्फ्रेंस का आयोजन कब किया जाएगा ?**

(A) 3 नवंबर (B) 5 नवंबर
(C) 7 नवंबर (D) 10 नवंबर

**(A)** राजस्थान विश्वविद्यालय का जूलॉजी विभाग नैनो टेक्नोलॉजी के प्रयोग से पर्यावरण कृषि एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों एवं चुनौतियों को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय कांन्फ्रेंस का आयोजन 3 नवंबर को किया जाएगा। इस आयोजन में विश्व भर के विभिन्न देशों से जुड़े सौ से अधिक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, चिकित्सक एवं शोधकर्ता इस संबंध में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा करेंगे।



**4. हाल ही में इसरो का दूसरा स्पेसपोर्ट कहां स्थापित किया जाएगा ?**

(A) बेंगलुरू (B) भुवनेश्वर
(C) थुथुकुडी (D) नई दिल्ली

**(C)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने तमिलनाडु के कुलसेकर पट्टिनम के पास थुथुकुडी में अपने दूसरे अंतरिक्ष केंद्र के लिये भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रगति करने वाले प्रमुख देशों में कई अंतरिक्ष केंद्र हैं। इसरो का पहला और एकमात्र सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित है।



**5. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?**

(A) विराट कोहली (B) शिखर धवन
(C) महेंद्र सिंह धोनी (D) रोहित शर्मा

**(D)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी रोहित शर्मा बने गए हैं। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। इस मैच में उतरने से पहले हिटमैन को सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए तीन छक्के की जरूरत थी।



**6. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां 4200 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी है ?**

(A) राजस्थान (B) उत्तराखंड
(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(B)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रूपये की अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित की।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने स्वतंत्र अनुसूचित जाति आयोग की स्थापना को मंजूरी दी ?**

(A) महाराष्ट्र (B) पश्चिम बंगाल
(C) केरल (D) तमिलनाडु

**(A)** हाल ही में महाराष्ट्र में केंद्र सरकार की तर्ज पर एक स्वतंत्र अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना को मंजूरी दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य के लिए एक स्वतंत्र अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना को मंजूरी दी गई है।



**8. हाल ही में किस राज्य में सेतु बंधन योजना के तहत 118.50 करोड़ रूपये की 7 पुल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई ?**

(A) हरियाणा (B) हिमाचल प्रदेश
(C) अरूणाचल प्रदेश (D) आंध्रप्रदेश

**(C)** हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सेतु बंधन योजना के तहत अरूणाचल प्रदेश में 118.50 करोड़ रूपये की 7 पुल परियोजनाओं को मंजूरी दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना हैं।



**9. हाल ही में किस भारतीय अमेरिकी को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन ने सम्मानित किया है ?**

(A) शुभी गुप्ता (B) गीतांजलि राव
(C) शिवांगी गर्ग (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में भारतीय अमेरिकी किशोरी आविष्कारक गीतांजलि राव को देश भर में अपने समुदायों में बदलाव का नेतृत्व करने और एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के प्रयास के लिए अतेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने सम्मानित किया है। उनके साथ 14 अन्य युवा महिला नेताओं को भी सम्मानित किया गया है।



**10. इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया है ?**

(A) अनिल सिन्हा (B) राजीव अवस्थी
(C) दीपक कुमार (D) पंकज बोहरा

**(D)** हाल ही में इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पंकज बोहरा ने पदभार ग्रहण किया हैं। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में मदद करता हैं। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना 1968 में की गई थी।

